सत्यमेव जयते | वर्ष 1 अंक 27 | पृष्ठ 04 | मूल्य-2 रूपये | जालौर, सोमवार, 18 जूलाई 2022

दैनिक
# गुरूज्योति पत्रिका

सत्य का पुजारी हूं , भले ही छोटा ही सही , असत्य मेरे सामने टिकेगा नहीं

छोटी-बड़ी खबरे...

## मार्गरेट अल्वा होंगी विपक्ष की उपराष्ट्रपति उम्मीदवार



गुरूज्योति पत्रिका/नई दिल्ली

उपराष्ट्रपति पद के लिए विपक्षी दलों ने राजस्थान के पूर्व राज्यपाल मार्गरेट अल्वा को उम्मीदवार घोषित किया है। एनसीपी चीफ शरद पवार ने नामों की घोषणा की है। 80 साल की अल्वा मूल रूप से कर्नाटक के मैंगलुरू की रहने वाली हैं। उनका मुकाबला एनडीए के उम्मीदवार जगदीप धनखड़ से होगा। मार्गरेट अल्वा राजीव गांधी और पीवी नरसिम्हा राव की सरकार में कैबिनेट मंत्री रह चुकी हैं। राजीव कैबिनेट में संसदीय कार्य और युवा विभाग की मंत्री रही हैं, जबकि राव की सरकार पब्लिक और पेंशन विभाग की मंत्री रही हैं। अल्वा गुजरात, राजस्थान, गोवा और उत्तराखंड का राज्यपाल रह चुकी हैं। अल्वा उत्तराखंड की पहली महिला राज्यपाल रही हैं। वे 2009 से 2012 तक उत्तराखंड के राज्यपाल के रूप में काम कर चुकी हैं। इसके अलावा, राजस्थान में 2012-2014 तक राज्यपाल रही हैं। इसी दौरान उन्हें गुजरात और गोवा का प्रभार भी मिला था।

## जोधपुर के कुडी से पाली के रोहट तक पाइपलाइन 1.40 लाख लोगों को मिलेगा पेयजल

गुरूज्योति पत्रिका/जयपुर

जोधपुर की ग्राम पंचायत कुडी के पंपहाउस से पाली जिले के रोहट ब्लॉक में पेयजल लाया जाएगा। इसके लिए कुडी से रोहट तक 450 एमएम डी.आई. की लगभग 30 किलोमीटर लंबाई की पाइपलाइन बिछाई जाएगी। इस परियोजना के लिए मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने लगभग 37.42 करोड़ रूपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। गहलोत के इस निर्णय से रोहट ब्लॉक के 79 गांवों की लगभग 1 लाख 40 हजार जनता को पेयजल उपलब्ध हो सकेगा। इस योजना की क्रियान्वति के पश्चात कुडी से राजीव गांधी लिफ्ट परियोजना का पानी मिलना प्रारम्भ होगा तथा यह योजना पाली शहर के लिए उपयोगी रहेगी। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री ने वर्ष 2022-23 के बजट में ब्लॉक रोहट-पाली में पेयजल की व्यवस्था के लिए जोधपुर से रोहट तक पाइप लाइन का कार्य कराने की घोषणा की थी।

## सरकार ने आज बुलाई सर्वदलीय बैठक, श्रीलंका मुद्दे पर होगी चर्चा

गुरूज्योति पत्रिका/नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री जयशंकर के साथ अपनी हालिया बैठक में तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन ने श्रीलंका की स्थिति के बारे में चिंता व्यक्त की थी और आर्थिक रूप से प्रभावित राष्ट्र को राहत सामग्री भेजने की अनुमति मांगी थी। श्रीलंका में जारी आर्थिक संकट के बीच केंद्र सरकार ने मंगलवार शाम को सर्वदलीय बैठक बुलाई है। इस दौरान श्रीलंका के बने हालात पर चर्चा की जाएगी। संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी ने रविवार को यह घोषणा करते हुए कहा कि मंगलवार को हम श्रीलंकाई संकट पर संक्षिप्त जानकारी के लिए एक और सर्वदलीय बैठक बुला रहे हैं।

सब गोलमाल है

# बीजेपी और कांग्रेस अरावली की दुर्गति में एक है, सांसद का वीडियो पोल खोलने के लिए पर्याप्त है


**निमड़ी कोठी का मामला तो प्रदेश के बड़े राजनीतिक पद को धारण करने वाले व्यक्ति से ही जुड़ा हुआ है उनके ही खास खास नेता जी के रिश्तेदार के नाम से बजरी और अन्य निर्माण सामग्री की अनुमति जारी हो रही है। शिकायतों और जानकारी के बावजूद सब जिम्मेदार क्यों चुप है। उत्तर दिया है जालौर सिरोही से BJP सांसद सांसद देवजी पटेल ने**



*सांसद देवजी पटेल*

गुरूज्योति पत्रिका

**माउंट आबू/गणपत सिंह।** पर्वतीय पर्यटन स्थल माउंट आबू की बदहाली में बीजेपी और कांग्रेस दोनों ही बराबर की शिरकत रखती है। एक-दूसरे के धतकर्मों पर पर्दा डालने में मदद करती है। ईको संसेटिव जोन के कानून कायदे तोड़कर नेताओं को फायदे पहुंचाने के लिए दोनों ही पार्टियां अंदरखाने एक है। यह कोई झूठे आरोप नहीं बल्कि सच है। आप यदि जालोर-सिरोही लोकसभा के सांसद देवजी पटेल का यह वीडियो देख लें तो कुछ ऐसे सवालों के जवाब मिलेंगे। जिन्हें यहां की जनता दशकों से पूछ रही है। ये सवाल है, माउंट आबू की बर्बादी के कारण क्या है? कौन माफिया यहां पर अवैध निर्माण में जुटे हैं? जालोर और सिरोही का विकास अन्य जिलों के बराबर क्यों नहीं हो पाया? जालोर और सिरोही जिला हर क्षेत्र में इतना पिछड़ा क्यों है? क्या आप जानते हैं कि माउंट आबू में इको संसेटिव जोन है। यहां पर बिना प्रशासन की अनुमति के एक साधारण व्यक्ति अपने घर पर शौचालय तक नहीं बनवा सकता है। किसी तरह की मरम्मत नहीं करवा सकता। इसके बावजूद पर्यावरण कानूनों और सुप्रीम कोर्ट के आदेशों को ताक पर रखते हुए एक फाइव स्टार होटल का निर्माण हो चुका है। एक नहीं कई होटलों का। निमड़ी कोठी का मामला तो प्रदेश के बड़े राजनीतिक पद को धारण करने वाले व्यक्ति से ही जुड़ा हुआ है। उनके ही खासमखास नेता जी के रिश्तेदार के नाम से बजरी और अन्य निर्माण सामग्री की अनुमति जारी हो रही है। एसडीएम,



Office of The Sub Divisional Officer, Mt Abu

Order in. (Private work), Mount abu

Mr. Jugal Kishore Jakhad, Limadi House, Near Arbuda Mata ji Temple, Mount abu

(Name of work :- फर्श, टीनशेड एवं दीवारों का प्लास्टर हेतु मरम्मत कार्य)

Transportation Estimate as per reported by AEN, Np, Mount abu

| Date | | Vehicles | Total (Q) + Cumulative Quantity | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Day | Month/ Year | | M-Sand | | Aggregate | | Cement | | Bricks | | Stone | | Tinshead | | Steel | |
| | | | Q | C | Q | C | Q | C | Q | C | Q | C | Q | C | Q | C |
| 1 | Mar-22 | | | | | | | | | | | | | | | |
| | To | | | | | | | | | | | | | | | |
| 31 | Aug-22 | | | | | | | | | | | | | | | |
| Total | | | 08/Dumpar 4400/cuft. | | 03/Dumper 1650/cuft. | | 09/Trolley 900/Bags | | 06/Trolley | | 03/Dumper 1650/cuft | | 01/Truck 12000/Sqft | | 01/Dumper | |

नोट :- यह परिवहन स्वीकृति मौका स्थिति पर निर्मित भवन के प्रमाणिकरण के रूप मे मान्य नही होगी किसी प्रकार के अवैध निर्माण का नियमितिकरण नही माना जायेगा। पुराने टिनशेड का उपयोग किसी भी प्रकार के नया निर्माण में मान्य नहीं होगा एवं बजरी का उपयोग नहीं किया जाएगा। माननीय न्यायालय/एन.जी.टी के आदेशों की पालना सुनिश्चित करें। उक्त मरम्मत कार्य से किसी भी प्रकार से चौडाई, उंचाई व क्षेत्रफल में कोई बढोतरी न हो। उक्त शर्तों की पालना की जिम्मेदारी प्रार्थी की स्वयं की होगी, उल्लंघन की दशा में अनुमति स्वतः निरस्त होगी एवं नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। प्रार्थी द्वारा शर्तों के उल्लंघन की दशा में नगरपालिका/ग्राम पंचायत/हल्का पटवार द्वारा तत्काल रिपोर्ट करने की जिम्मेदारी रहेगी। भूमि क्षेत्र के अनुसार आयुक्त, नगरपालिका, आबूपर्वत/विकास अधिकारी, आबूरोड यह सुनिश्चित करेंगे कि अनुमति के उपरान्त मरम्मत हेतु लाई गई सामग्री का उपयोग अतिक्रमण अथवा अवैध निर्माण हेतु न किया जाए।

14.3.22
Sub Divisional Officer, Mount abu



नगरपालिका ईओ, यूआईटी सभी तो मुंह में दही जमाकर बैठे हैं। काम रुक क्यों नहीं रहा है। शिकायतों और जानकारी के बावजूद सब जिम्मेदार क्यों चुप है। इसका जवाब सभी तलाश रहे हैं लेकिन इसका उत्तर दिया है जालौर सिरोही से भारतीय जनता पार्टी के सांसद देवजी पटेल ने। देवजी पटेल ने साफ स्वीकारा है कि मामला उनके ध्यान में है। लेकिन आज अगर हम उनका काम रोकेंगे तो हमारे भी काम पड़ते हैं। इस वीडियो में आप साफ़ देख सकते हैं कि जिनको जालोर और सिरोही की जनता ने अपने क्षेत्र की भलाई, विकास और उन्नति के लिए चुना है। उनकी जनहित के प्रति सोच क्या है। वीडियो में देवजी पटेल साफ कह रहे हैं कि यदि आज हम या हमारे जिलाध्यक्ष पार्टी कार्यकर्ता विरोध करेंगे तो कल हमारे भी काम पड़ते हैं। उनसे जब पूछा गया की होटल का निर्माण हो चुका है और रुक क्यों नहीं रहा, जबकि यह अवैध है। देवजी ने कहा उसे कौन रोके कौन रोक सकता है यह पूछा गया कि आपके पार्टी कार्यकर्ता और जिलाध्यक्ष क्यों नहीं बोल रहे। सांसद का जवाब था सभी के काम पड़ते हैं। बाद में सांसद ने गोचर का उदाहरण देते हुए कहा कि आज अगर हम पूरे भारत से गोचर भूमि पर अतिक्रमण हटाने जाएं तो किसका काम प्रभावित होगा गरीब का । अतिक्रमण किसने कर रखे हैं गरीब ने ! हालांकि सांसद महोदय यहां यह भूल गए कि गरीब व्यक्ति की इतनी औकात नहीं कि वे बिना किसी रसूख के अतिक्रमण जैसी बड़ी हिमाकत कर सकें इस वीडियो ने साफ किया है कि प्रदेश के सबसे पिछड़े जिलों में शुमार जालौर और सिरोही के लोकसभा प्रतिनिधि की सोच क्या है पर्यावरण को लेकर क्या सोचते हैं पार्टी को लेकर उनके विचार क्या है? कांग्रेस को लेकर उनकी नीयत क्या है। आपको बता दें कि आज से 15 साल पहले देवजी ने अपने आपको कांग्रेस का निष्ठावान कार्यकर्ता बताते हुए टिकट मांगा था। यहां से संध्या चौधरी को उम्मीदवार बनाए जाने के बाद उन्होंने बीजेपी का दामन थामा और चुनाव लड़ा। संध्या चौधरी का ऐन मौके पर एक आडियो क्लिप वायरल होने से और बूटा सिंह के निर्दलीय चुनाव प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ने से पटेल चुनाव जीत गए थे।

नोट- यह वीडियो बीजेपी के माउंट आबू प्रशिक्षण शिविर के दौरान रिकॉर्ड किया गया है जो आप https:// youtu.be /ClwrCyoezDE इस लिंक के द्वारा देख सकते है ।

# एमपी के सिंगरौली में आप की मेयर कैंडिडेट जीतीं, बुरहानपुर में ओवैसी की पार्टी ने बिगाड़ा कांग्रेस का खेल

## कमलनाथ के गढ़ में कांग्रेस की वापसी

गुरूज्योति पत्रिका/भोपाल।

मध्यप्रदेश में आम आदमी पार्टी की दमदार एंट्री हुई है। सिंगरौली नगर निगम में आप की मेयर प्रत्याशी रानी अग्रवाल जीत गई हैं। आप उम्मीदवार रानी अग्रवाल ने 9352 वोट से जीत दर्ज की। उन्हें 34585 वोट मिले है, जबकि बीजेपी प्रत्याशी चन्द्र प्रताप विश्वकर्मा को 25233 वोट मिले। कांग्रेस ने अरविंद चंदेल को प्रत्याशी बनाया था।

### 5 निगम पर भाजपा की जीत

मध्यप्रदेश में शहर सरकार की तस्वीर साफ हो गई है। 11 नगर निगमों में से 7 के नतीजे आ गए हैं। 1-1 सीट कांग्रेस और आम आदमी के खाते में गई, जबकि 5 पर भाजपा ने जीत दर्ज की। भोपाल और इंदौर में भाजपा प्रत्याशी निर्णायक बढ़त के साथ आगे हैं। ग्वालियर और जबलपुर से कांग्रेस आगे हैं। बुरहानपुर नगर निगम में ओवैसी की पार्टी AIMIM ने कांग्रेस का खेल बिगाड़ दिया है। यहां बीजेपी की माधुरी पटेल ने 542 वोट से जीत दर्ज की है। माधुरी पटेल को 52823 वोट मिले है, जबकि कांग्रेस प्रत्याशी शहनाज बानो को 52281 वोट मिले है। यहां AIMIM की मेयर प्रत्याशी शाईस्ता सोहेल हाशमी को 10322 वोट मिले हैं। नोटा के खाते में जीत के अंतर से ज्यादा 677 वोट गए हैं।



### केजरीवाल प्रचार करने आए थे

सबसे बड़ा उलटफेर सिंगरौली नगर निगम में हुआ है। सिंगरौली नगर निगम में जीत के जरिए एमपी की सियासत में आम आदमी पार्टी की एंट्री हो गई है। बता दें कि आम आदमी पार्टी के संयोजक और दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल खुद प्रचार करने सिंगरौली पहुंचे थे। केजरीवाल के रोड शो में भारी भीड़ जुटी थी। जिसे बीजेपी और कांग्रेस के लिए खतरे की घंटी माना जा रहा था। जो मेयर चुनाव के नतीजों के बाद सही साबित हुई है।

### कमलनाथ के गढ़ में कांग्रेस की वापसी

कमलनाथ के गढ़ छिंदवाड़ा में कांग्रेस ने वापसी कर ली है। यहां पिछली बार बीजेपी का मेयर था। कांग्रेस प्रत्याशी विक्रम अहाके 3547 वोटों से जीत गए। विक्रम ने बीजेपी के अनंत धुर्वे को हराया। इस सीट के लिए कमलनाथ के बेटे व सांसद नकुलनाथ पूरे समय सक्रिय रहे।




# सिंगापुर दौरे को लेकर एलजी ने नहीं दिया जबाब, दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने पीएम मोदी को लिखा पत्र

गुरूज्योति पत्रिका नई दिल्ली



दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल सिंगापुर में वर्ल्ड सिटीज समिट में भाग लेना चाहते हैं। इस यात्रा की अनुमति मांगने के लिए एलजी विनय कुमार सक्सेना को 7 जून को दिल्ली के मुख्यमंत्री कार्यालय के द्वारा फाइल भेजी गई, लेकिन उस पर एलजी की ओर से कोई भी जबाब नहीं आया। इसके बाद अरविंद केजरीवाल ने पीएम नरेंद्र मोदी को पत्र लिख कर अनुमति मांगी है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार दिल्ली के सीएम को सिंगापुर सरकार द्वारा वर्ल्ड सिटीज समिट में दिल्ली मॉडल ऑफ गवर्नेंस पेश करने के लिए आमंत्रित किया गया है, जिसमें दुनिया भर के कई बड़े नेता शामिल होंगे। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने एलजी विनय कुमार सक्सेना के द्वारा अब तक सिंगापुर जाने की अनुमति न दिए जाने को गलत बताया है। उन्होंने पत्र के माध्यम से प्रधानमंत्री मोदी से कहा मुझे सिंगापुर की सरकार ने वर्ल्ड सिटी सम्मेलन में दिल्ली मॉडल प्रस्तुत करने के लिए बुलाया है। अगस्त के पहले हफ्ते में आयोजित होते जा रहे इस सम्मेलन में दुनिया भर के बड़े बड़े नेता सिंगापुर आ रहे हैं। उन सबके सामने दिल्ली मॉडल प्रस्तुत किया जाएगा, जो भारत के लिए बेहद गौरवशाली क्षण होगा। मुझे बेहद दुःख के साथ कहना पड़ रहा है कि मुझे अभी तक सिंगापुर जाने की अनुमति नहीं दी गयी है। मैंने 7 जून को लगभग सवा महीने पहले अनुमति मांगने के लिए पत्र लिखा था। अभी तक कोई जवाब नहीं आया। इस तरह से किसी प्रदेश के मुख्यमंत्री को इतने महत्त्वपूर्ण मंच पर जाने से रोकना सही नहीं है। पीएम मोदी को लिखे गए पत्र में अरविंद केजरीवाल ने कहा आज पूरी दुनिया में दिल्ली मॉडल की चर्चा हो रही है।

# कुछ तो रहम करो नेता जी आखिर कब तक बाईपास के नाम पर करोंगे राजनीति

## रेवदर तहसील के लोगों की जिंदगियों से मौत का खेल खेलता हाईवे

गुरूज्योति पत्रिका

**सिरोही/नरेश दवे।** जिले के रेवदर तहसील के रेवदर मंडार कस्बो से गुजरने वाले स्टेट हाइवे को पिछले लम्बे समय से बाय पास बनाने हेतु स्थानीय लोगो द्वारा प्रशासन एंव नेताओ के समक्ष बार बार मांगे की जा रही है लेकिन ना तो प्रशासन के कानों पर जुह रेंग रही है और ना ही नेताओ को इसकी रत्तीभर भी फिक्र है। बाय पास मे ढिलाई बरतने के कारण इसका खामियाजा लोगो को अपनी जान देकर चुकाना पड़ रहा है। पिछले शुक्रवार को रेवदर कस्बे मे सुबह मे पैदल अपने घर जा रहे मफाराम की बड़े ट्रोले के नीचे आने से मौके पर ही मौत हो गई, तो वही रात्रि मे दुपहिया वाहन पर युवक दिलीप सिंह देवडा अपने घर जा रहा था तब ट्रोले की चपेट मे आ जाने से घटना स्थल पर ही मौत हो गई, एक ही दिन मे रेवदर कस्बे मे दो लोगो की अलग अलग ट्रोलो के नीचे आने से मौत होने के बाद ग्रामीणों मे खासी नाराजगी है और लोगो द्वारा एक ही बात कही जा रही है की आखिर ये हाइवे और कितने लोगो की जान लेगा तथा नेताओ से भी एक ही सवाल है की आखिर बाय पास कब बनेंगा। जानकारी अनुसार जब भी विधानसभा एंव लोकसभा चुनाव आते है तब रेवदर विधानसभा क्षेत्र का सबसे अहम मुद्दा बाय पास बनाने को लेकर बीजेपी और कांग्रेस दोनों पार्टी के नेताओं द्वारा रेवदर तहसील क्षेत्र मतदाताओं को मुंगेरीलाल के सपने दिखाई देते रहे है लेकिन आज दिन तक इन सपनो को साकार करने हेतु नेताओ द्वारा कोई उचित समन्वय स्थापित नही कर पाने से स्थानिय लोगो मे नाराजगी भी बड़ती जा रही है। 34 किलो मीटर मे अनादरा, रेवदर, मण्डार, के बीच पीडब्लूडी द्वारा दो डेंजर पॉइंट चिंहित किये गये हैं। रेवदर कस्बे से गुजरने वाले इस हाइवे के आस पास अतिक्रमण की भी भरमार है साथ ही नियमों की धज्जिया उड़ाते हुए आज भी धड़ल्ले से हाइवे सीमा के आसपास निर्माण कार्य किये जा रहे है, पीडब्लूडी के नियमो अनुसार हाइवे मार्ग के पास बन रहे



व्यवसायिक कॉम्प्लेक्स तथा दुकानों को नियमानुसार हाइवे से जगह छोड़ कर निर्माण कार्य करना होता है लेकिन हालात ये बने हुए हैं की कस्बे मे बने अधिकतर व्यवसायिक कॉम्प्लेक्स तय सीमा को दर किनार कर साठगांठ करते हुए सरकारी नियमो का मखौल उड़ाते हुए बना दिये गए, जिसके चलते हाइवे के दोनों तरफ जगह कम होना भी बड़ते हादसो का कारण है।

### विधायक कोली ने बाय पास हेतु विधानसभा मे कई बार उठाया मुद्दा

जानकारी अनुसार स्थानीय विधायक जगसीराम कोली ने अनादरा, रेवदर, मंडार से गुजरने वाले हाईवे को बाय पास बनाने हेतु कई बार विधानसभा मे मुद्दा उठाते रहे है लेकिन स्थिति आज भी ज्यो की त्यो बनी हुई है, विधायक कोली द्वारा विधानसभा में बाय पास हेतु बार बार मुद्दा उठाने के उपरांत भी आज दिन तक इस बाय पास का किसी के पास कोई इलाज ही नही हो अब ऐसा प्रतीत होता नजर आ रहा है। अब देखना ये है की आखिर इस राजनीति के मकड़जाल के चलते एंव प्रशासन की उदासीनता तथा लचीलेपन के कारण रेवदर तहसील क्षेत्र मे और कितने मासूमों की जिंदगी दाव पर लगेगी?

# राजनीतिक अहंकार, भैरवा गांव में प्रशासन की अनदेखी



**गुरूज्योति पत्रिका/चांधन, जैसलमेर/मनोहर सिंह भाटी।** पुलिस और प्रशासन की अनदेखी कर कानून को अपने हाथों में लेने की कार्यवाही कारित करते हुए चांधन निवासी मलाराम, सुमेराराम ने भैरवा निवासी किसान चंदन सिंह पुत्र तगसिंह के खेत में लगी हुई पत्थर की पट्टियों को उखाड़ दिया और उनके खेत में लगी तार को जोर जबरदस्ती से हटा कर किसान के हल चलाए खेत को तहस नहस कर दिया। किसान चंदन सिंह को पहले भी झोपड़ी समेत जलाने की कार्यवाही कि गई। आस - पड़ोस के लोगों की सजगता से किसान की जान बच गई पर किसान की झोपड़ी पूरी तरह जल गई। आग की घटना में अभी तक पुलिस की कार्यवाही चल रही है उसके बीच भी किसान चंदनसिंह के खेत में ऐसी घटना यही दर्शाती है पता नहीं कि इन लोगों के पीछे कौन सी ऐसी ताकतों का हाथ है कि पुलिस और प्रशासन के लिए बिल्कुल भी सम्मान और कानून का डर नहीं है जिससे ये लोग गरीब किसान को बार बार प्रताड़ित कर रहे है।

# आदर्श फाउंडेशन द्वारा पुलिस थाना सांचौर में किया गया वृक्षारोपण



**गुरूज्योति पत्रिका/सांचौर।** आदर्श फाउंडेशन के तत्वाधान में पुलिस थाना सांचौर में वृक्षारोपण किया गया आदर्श फाउंडेशन के सचिव छोटू सिंह कारोला ने कहा कि पेड़ पौधे धरती का श्रृंगार है हमें इनकी उपयोगिता को समझते हुए अधिक से अधिक वृक्षारोपण करना चाहिए उप निरीक्षक राजू सिंह जी ने उपस्थित सभी को पाँच -पाँच पौधे लगाने के लिए आग्रह किया पुलिस थाने में लगाए गए पौधों का संरक्षण करके पौधे से पेड़ बनाने की जिम्मेदारी एएसआई ओम प्रकाश जी ने ली अंत में सचिव छोटू सिंह कारोला द्वारा उपस्थित सभी का आभार व्यक्त किया गया इस अवसर पर अक्षय दत भास्कर ,राजू सिंह जी उप निरीक्षक सांचौर ,सुरेश कुराडा, अर्जुन राम हेड कांस्टेबल, ओम प्रकाश जी एएसआई, सुरेश बिश्नोई हाडेतर ,नरपत सिंह, रज्जाक खां, ओम प्रकाश जी कोर्ट मुंशी, विमला बिश्नोई महिला कॉन्स्टेबल ,किशन लाल जी हेड कांस्टेबल, अशोक सिंह चौहान आदि उपस्थित थे।

# 3-4 दिन से घर में सांप आने से परिवार परेशान,बार बार फोन करने के बाद भी वन विभाग कार्मिक नहीं दे रहे है ध्यान



**गुरूज्योति पत्रिका/जालोर।** शहर के जलदाय विभाग कॉलोनी के क्वाटर में रह रहे जलदायविभाग में कार्यरत फोरमेन चुना राम परिहार के घर मे पिछले तीन,चार दिन से साँप कर रहा है परेशान वही तीन दिन से परिवार है परेशान वही वन विभाग को फोन करने पर भी नही आने की बात कही वही दो दिन बाद वन विभाग के कार्मिक आते है और साँप पकड़ने का प्रयास कर साँप पकड़ने सामान भी वही छोडकर चले गए लेकिन साँप पकड़ने में नाकाम रहे वही आज भी परिवार साँप के भय से परेशान है।

# बिना डॉक्टर के चल रहा है शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मरीज परेशान




**जालोर।** शहर स्थित लालपोल के अंदर राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत संचालित शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में पिछले लगभग छ, सात माह से डॉक्टर नहीं है।वही बिना डॉक्टर के दो नर्सिंग स्टाफ द्वारा यहां पर मरीजों का हो रहा है इलाज वही रोज के 50 से 60 मरीज अपना इलाज करवाने आते है शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर नहीं होने के कारण आने वाले मरीजो को हो रही है परेशानी इस समस्या के चलते मरीजो को फिर झोला छाप डॉक्टरों की शरण मे जाने के लिए मजबूर होना पड़ता है ऐसे में नही दे रहे से चिकित्सा विभाग के अधिकारी ध्यान जिला मुख्यालय पर ये हालात है तो ग्रामीण स्वास्थ्य केंद्र और उपस्वास्थ्य केंद्रों पर क्या हालत होंगे।

## सहायक अभियंता प्रदीप डॉडवानी ने पदभार ग्रहण किया

**गुरूज्योति पत्रिका/बायतु।** डिस्कॉम कार्यालय चौहटन में लंबे समय से सहायक अभियंता के रिक्त पड़ा था बायतू से ट्रांसफर होकर आए सहायक अभियंता प्रदीप डॉडवानी ने पदभार ग्रहण किया।इन्होंने कार्यग्रहण करते ही समस्त उनके स्टॉफ को निर्देशित करते हुए कहा कि समय पर ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करना ही प्राथमिकता हैं । डॉडवानी का चौहटन कार्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने साफा पहनाकर भव्य स्वागत किया।

# बागोड़ा मंडल की एक दिवसीय मंडल कार्यसमिति का हुआ आयोजन

## भाजपा जिलाध्यक्ष श्रवण सिंह राव बोरली ने की शिरकत

◆ गुरूज्योति पत्रिका
gurujyotipatrika.com





**जालोर।** जालौर भाजपा के बागोड़ा मंडल की एक दिवसीय मंडल कार्यसमिति का आयोजन लाखनी गांव मैं हुआ। मंडल कार्यसमिति में भाजपा के कई नेताओं ने हिस्सा लिया और भाजपा जिलाध्यक्ष श्रवण सिंह राव बोरली मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। मंडल कार्यसमिति के आयोजन के पूर्व भाजपाइयों ने मिलकर वृक्षारोपण या एवं पर्यावरण संरक्षण एवं आधिकारिक वृक्ष लगाने का संदेश भी दीया। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष ने अपने वक्तव्य में बताया कि प्रदेश नेतृत्व द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुसार जालौर भाजपा संगठन पूर्ण रूप से खरा उतरता है। कई अभियानों में भाजपा जालौर ने प्रदेश अव्वल स्थान प्राप्त किया। किसी भी दल के लिए संगठन अति महत्वपूर्ण होता है क्योंकि संगठन ही शक्ति का मूल आधार होता है। भाजपा ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य खेमराज देसाई ने राजनीतिक प्रस्ताव रखा और बताया कि राजस्थान कांग्रेस सरकार को होटलों में चलने वाली सरकार हैं, जिसे राजस्थान की जनता की कोई चिंता नहीं। राजस्थान की जनता बिजली पानी सड़क जैसी बुनियादी आवश्यकताओं को लेकर भी धरना प्रदर्शन कर रहे हैं ,,,0 हल उसके उपरांत भी सरकार द्वारा जनता को किसी भी प्रकार की राहत प्रदान नहीं की जा रही है। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सांवलाराम देवासी ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए बताया कि माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बनी भाजपा की सरकार के 8 वर्ष पूर्ण हुए हैं इन 8 वर्षों में जनता के कल्याण के लिए कहीं जनहितकारी योजनाओं का शुभारंभ हुआ है एवं आमजन इन योजनाओं का लाभ प्राप्त कर रहा है। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष श्रवणसिंह राव बोरली, ओबीसी मोर्चा राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्यक खेमराज देसाई, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सांवलाराम देवासी, बागौड़ा मंडल अध्यक्ष गंगाराम माली, बागौड़ा प्रधान प्रतिनिधि जबराराम राणा, बागौड़ा मंडल महामंत्री ठकराराम जाट, निसार खां, भाजपा नेता पुखराज चौधरी बगौटी, छोगाराम बिश्नोई, किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष पहाड़सिंह राव बोरली किसान मोर्चा जिला मंत्री भगवानाराम बिश्नोई, नरिगाराम चौधरी मंडल उपाध्यक्ष छेलसिंह राठौड़ भावाराम देवासी युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष थानाराम चौधरी हिंदूराम गर्ग विक्रम जैन चेलाराम चौधरी गीगाराम राणा जानुराम चौधरी भीमाराम गर्ग प्रभुसिह पुरोहित मोडाराम पुरोहित गणपतसिंह वाली देवीसिंह चौहान ओमप्रकाश तैतरवाल लालाराम मेघवाल गटुराम मेघवाल सहित कई मंडल पदाधिकारी, मोर्चो के मंडल अध्यक्ष, शक्तिकेंद्र संयोजक, प्रभारी, बूथ अध्यक्ष एवम् जनप्रतिनिधि बंधु मौजूद रहे।

# अभय कमान कन्ट्रोल रूम की सजगता से एक बुजुर्ग की बची जान

◆ गुरूज्योति पत्रिका
gurujyotipatrika.com




**जालोर।** पुलिस अभय कमान कन्ट्रोल रूम में तैनात हेड कांस्टेबल रगाराम को देर रात 2 बजकर 45 मिनट पर सूचना मिली कि भवरानी गांव में कोयला भट्टी पर कार्य करने वाले एक व्यक्ति के गर्दन पर अज्ञात लोगों द्वारा धारदार हथियार से हमला किया है तो कंट्रोल रूम ने तत्काल प्रभाव से पुलिस थाना नोसरा थाना अधिकारी को मोबाइल पर बताया कि भवरानी गांव में बुर्जुग व्यक्ति के गर्दन पर अज्ञात लोगों ने धारदार हथियार से वार किया गया है जिस पर नोसरा थानाधिकारी मय जाब्ते स्वयं तत्काल प्रभाव से घटनास्थल पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली वही 108 को घटनास्थल पर लोकेशन नहीं मिलने पर थानाधिकारी ने खुद थाने के सरकारी वाहन को भेजकर 108 को घटनास्थल पर लाकर बुजुर्ग को प्राथमिक उपचार के लिए जालौर के सामान्य चिकित्सालय में भर्ती करवाया गया जिससे बुजुर्ग की जान बच गई यह सब अभय कमान कंट्रोल रूम की सजगता से किसी का परिवार उजड़ने से बच गया वही इस दौरान कंट्रोल रूम के प्रभारी शिवा राम ए एस आई कांस्टेबल मदनलाल ने पूरी घटना की मॉनिटरिंग में पुलिस थाना नोसरा को सहयोग प्रदान किया।

# 18 से 25 जुलाई तक चलेगा एंटी डेंगू अभियान

◆ गुरूज्योति पत्रिका
gurujyotipatrika.com

**जालोर।** चिकित्सा विभाग द्वारा मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिये जिले में 18 से 25 जुलाई 2022 तक एंटी डेंगू अभियान चलाया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. गजेन्द्र सिंह देवल ने बताया कि मानसून का सीजन प्रारम्भ हो चुका है। मानसून पश्चात् वेक्टर जनित रोग जैसे डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया इत्यादि रोग के प्रसार होने की संभावना होती है। इन रोगों की रोकथाम एवं नियंत्रण हेतु दिनांक 18 से 25 जुलाई तक जिले भर में डेंगू रोधी अभियान चलाया जाएगा। अभियान की तैयारियों एवं सफल क्रियान्विति को लेकर सभी बीसीएमओ एवं चिकित्सा अधिकारी प्रभारी सीएचसी, पीएचसी को निर्देश जारी किये गये है। साथ ही हाई रिस्क एरिया में लगातार सोर्स रिएक्शन की कार्यवाही जारी रखने एवं एंटी लार्वा सर्वे टीम की प्रभावी मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिये गये है। सीएमएचओ डा. देवल ने बताया कि अभियान में एएनएम, आशा एवं सीएचओ की टीमें बनाकर घर घर सर्वे किया जाएगा, जिसमें कूलर, टंकी, गमले की ट्रे आदि पानी भराव वाले पात्रों एवं स्थानों में लार्वा की जांच कर लार्वा नष्ट किया जाएगा। बुखार के रोगियों की रक्त पट्टिका बनाई जाएगी साथ ही लार्वा का प्रदर्शन कर आमजन को जागरूक किया जाएगा। उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बी.आर. विश्नोई ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी जुलाई माह को एंटी डेंगू माह के रूप में मनाया जा रहा है। इसका उद्देश्य डेंगू के ट्रांसमिशन को कम करना, डेंगू के इलाज के प्रति आमजन को जागरूक करना व डेंगू से बचाव व रोकथाम के लिये जन जागृति उत्पन्न करना है। जिले में 18 से 25 जुलाई तक डेंगू रोधी अभियान के अंतर्गत घर घर सर्वे कर बुखार के रोगियों को चिन्हित किया जाएगा। रक्त पट्टिका लेना, लक्षणों के आधार पर प्राथमिक उपचार, लार्वा प्रदर्शन, एंटी लार्वा गतिविधियों व प्रचार प्रसार गतिविधियां आयोजित की जाएगी।

# कर्नाटक महासभा चिंतन मीटिंग का आयोजित



◆ गुरूज्योति पत्रिका
gurujyotipatrika.com

**बेंगलुरु।** सीरवी समाज ट्रस्ट एच.एच.आर लेआउट वडेर भवन में कर्नाटक महासभा की ओर से समाज विकास के लिए चिंतन मीटिंग शनिवार 11 बजे आई माता तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर आम सभा आयोजित की गई। चिंतन मीटिंग में मुख्य अतिथि आयुक्त, कृषि विभाग, राजस्थान सरकार आई.ए.एस. कानाराम सीरवी ने अपने उद्बोधन में बताया की आज की युवा पीढ़ी को ऐसे सफल प्रतिभाओं के संघर्ष जीवन से शिक्षा को लेकर आगे बढ़ना चाहिए ,क्योंकि जो लक्ष्य को चुनौती के रूप में लेकर आगे बढ़ते है ।वे ही लोग उदाहरण बन जाते है ।ओर उन्होंने बताया कि समाज में बच्चों को उच्च शिक्षा की जरूरत है। समाज में शिक्षा के लिए कॉलेज व स्कूल का निर्माण करना चाहिए है। जिससे समाज के बच्चे पढ़कर समाज का नाम रोशन करेंगे ।महासभा के अध्यक्ष विरमराम सोलंकी ने महासभा चुनाव कराने हेतु अपने विचार व्यक्त किये ।एच.एच.आर लेआउट वडेर अध्यक्ष एवं महासभा के उपाध्यक्ष फाऊलाल परिहारिया ने शिक्षा व समाज में विकास के करने के लिए जानकारी दी । महासभा सचिव लक्ष्मण राम आगलेचा मीडिया प्रभारी कैलाश चौधरी, नारायणलाल लचेचा जिला परिषद सदस्य पूनाराम भायल चेंत-बंदे पत्रिका संम्पादक प्रेम किशोर बर्फा, केवलराम, एंवम महिला लिलाबाई विंग ,सुकन्दकट्टे वडेर बलेपेट वडेर वर्तुर वडेर कोतनुर वडेर जिग्नी वढेर सहित बेंगलुर शहर के सभी वडेर के पदाधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर गोपाराम पंवार ने समाज में चल रहे नशा मुक्ति एंव समाज सुधार अभियान की जानकारी दी । तथा समाज के होनहारों के लिए भारतीय प्रशासनिक सेवाओं की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियां के लिए दिल्ली छात्रावास की आवश्यकता, एक साल शिक्षा के नाम अभियान को लेकर वातावरण निर्माण व अबतक प्राप्त सहयोग की जानकारी दी गई। साथ ही जयपुर व उदयपुर छात्रावास की वर्तमान स्थिति से भी अवगत कराया । इस कार्यक्रम का मंच संचालन प्रेम किशोर बर्फा ने किया ।

# राजपूत सेवा समिति रानी की बैठक का आयोजन

◆ गुरूज्योति पत्रिका
gurujyotipatrika.com



**रामाजी गुडा।** श्री राजपूत सेवा समिति रानी की बैठक का आयोजन रविवार को आशापुरा माताजी मन्दिर प्रांगण नाड़ोल मे हुआ। समिति के अध्यक्ष महावीर सिंह कुम्पावत ने बताया कि बैठक में अनेक सामाजिक व शैक्षिक बिन्दुओ पर चर्चा कर समाज सुधार के प्रस्ताव लिये गये ई डब्ल्यू एस के छात्रों को अन्य आरक्षित विद्यार्थियों की तरह छात्रनिधि शुल्क में छूट की मांग रखी गई , समाज के आर्थिक रूप से कमजोर बालिकाओं को प्रोत्साहित करने के लिए समिति द्वारा शिक्षण शुल्क भरना ,सरकार के योजनाओं का लाभ समाज के आवश्यक परिवारों को दिलाना, सामाजिक अवसरों जैसे शादी,ओना,ढूंढ, सगाई, मृत्यु भोज पर अनावश्यक खर्च व दिखावे को कम करने के लिए समाज को जाग्रत करने का संकल्प लिया गया ,समाज के महापुरुषों की जयंती व पुण्यतिथि मनाने,, देसूरी ब्लॉक में ब्लॉक स्तरीय राजपूत संगठन गठित करने के लिए प्रेरित करने का प्रयास करना,वर्ष 2022-23 के सदस्यता अभियान माह 31अगस्त 2022 तक पूर्ण करने की जिम्मेदारी दी गई , साथ ही सेवा समिति के भवन हेतु भूखंड खरीदने आदि के प्रस्ताव लिये गये। इस अवसर पर रानी तहसीलदार जितेंद्र सिंह चंपावत का स्वागत किया गया। इस बैठक में बाघ सिंह आकडावास, हनवंत सिंह गुड़ा गंगान ,परबत सिंह सेदरिया,राजेन्द्र सिंह जवाली, जसवंत सिंह बोलागुड़ा, सुगन सिंह , हुकम सिंह राणावत गुड़ा केशर सिंह ,कोषाध्यक्ष पर्वत सिंह कंटालिया, सचिव जोरसिंह नाड़ोल, योगेश सिंह राठौड़ भदुन , महावीर सिंह राठौड़ ,विक्रम सिंह ,अजयपाल सिंह गुडा पृथ्वीराज,विक्रम सिंह छोटी रानी महिपाल सिंह चंपावत गुड़ा खूनी, महावीर सिंह डुंगरोत खारड़ा, आदि सदस्य उपस्थित थे।

# मन्दिर का रास्ता खुलवाने के लिए महिलाओं का धरना, सेना ने अपनी जमीन बताते हुए कर दी तारबंदी

◆ गुरूज्योति पत्रिका
gurujyotipatrika.com



**अलवर।** शहर के धोबीगट्टा क्षेत्र में स्थित प्राचीन मंदिर की जमीन को सेना ने अपना बताते हुए कुछ माह पूर्व तारबंदी कर कब्जा कर लिया। जिससे इस क्षेत्र के लोगों में मन्दिर को लेकर आक्रोश बना हुआ है। आज भी यहां इस क्षेत्र के लोगों ने धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है। कोतवाली थाना क्षेत्र धोबीगट्टा दाई की गुमटी पर मौजूद प्राचीन शिव हनुमान मंदिर रास्ते को सेना द्वारा तारबंदी कर बंद करने के मामले को लेकर काफी दिनों से धरने पर बैठी महिलाओं ने बीती रात स्वयं मौके पर सेना द्वारा मंदिर के रास्ते पर हो रही तारबंदी को हटाने का प्रयास किया लेकिन मामले की सूचना मिलते ही सेना से जुड़े अधिकारी और कोतवाली थाना पुलिस सहित प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और महिलाओं से समझाइश कर मामला शांत कराया. उसके बाद मौके पर कोतवाली थाना पुलिस के जवान और एसडीएम प्यारे लाल सोंठवाल मौका मुआयना करने के लिए पहुंचे जहां पर महिलाओं ने जमीन पर बैठकर व हाथ जोड़कर एसडीएम प्यारे लाल सोंठवाल से मंदिर का रास्ता खुलवाने की मांग की। स्थानीय महिला ने बताया कि भगवान राम का अयोध्या में मंदिर बन रहा है लेकिन यहां मंदिर के रास्ते पर सेना के जवानों द्वारा फेंसिंग कर तारबंदी की गई है। उन्होंने कहा सावन का महीना शुरू हो चुका है ऐसे में लोग प्राचीन शिव हनुमान मंदिर पर कावड़ लेकर आएंगे तो कावड़ कहां चढ़ाई जाएगी। उन्होंने कहा कि मंदिर का रास्ता खुलवाने को लेकर काफी बार धरना प्रदर्शन करते हुए जिला कलेक्टर कार्यालय में पहुंच कर कलेक्टर को ज्ञापन भी सौंपा जा चुका है लेकिन अभी तक मंदिर का रास्ता नहीं खुला है। ऐसे में स्थानीय महिलाओं में भारी रोष है उन्होंने कहा कि मंदिर का रास्ता खुलवाने की मांग को लेकर सेना के उच्च अधिकारियों से भी बात की जा चुकी है लेकिन अभी तक उनकी तरफ से कोई आश्वासन नहीं मिला है। इस मामले को लेकर जब मौके पर आए एसडीएम प्यारे लाल सोंठवाल से बात की तो उन्होंने बताया कि आज सुबह सूचना मिली की प्रताप पलटन मंदिर मामले में कुछ महिलाएं मौके पर एकत्रित हो रही हैं इस सूचना पर मौके पर आए। जहां पर पुलिस प्रशासन व सेना के अधिकारी मिले थे। उनसे भी बात की गई है उन्होंने कहा कि स्टेट गवर्नमेंट की तरफ से बात रखने के लिए मौके पर आया हूं।

# गुरूज्योति पत्रिका

## SOCIAL MEDIA LINK

| | |
|---|---|
| ❖ WhatsApp News Group | Join Now |
| ❖ WhatsApp E-Paper | click here |
| ❖ Telegram | click here |
| ❖ Facebook | click here |
| ❖ Instagram | click here |
| ❖ Twitter | click here |
| ❖ YouTube | click here |
| ❖ Send News | click here |
| ❖ Website | Visit Now |
| ❖ E-paper site | click here |
| ❖ Google Play App | Download Now |

## सम्पादकीय

### बोल कुबोल

कर नहीं है कि वे शब्द संसदीय दस्तावेजों में रखे जाएंगे या नहीं, विवाद इस बात को लेकर है कि जिन शब्दों को असंसदीय करार दिया गया है, उसके पीछे तर्क क्या है। उन शब्दों या पदों के प्रयोग के बिना सरकार की आलोचना कैसे संभव हो सकेगी। संसद की अपनी गरिमा है, इसलिए उसकी कार्यवाही के दौरान सांसदों से भी अपेक्षा की जाती है कि वे मर्यादित भाषा का प्रयोग करें। मगर विचित्र है कि कुछ सदस्य कई बार इस तकाजे का ध्यान नहीं रखते, जिसकी वजह से उन्हें कार्यवाही के दौरान पीठासीन अधिकारी को टोकना और मर्यादा का ध्यान दिलाना पड़ता है। ऐसा भी नहीं कि केवल विपक्ष भाषा की मर्यादा लांघने का प्रयास करता है, कई बार सत्तापक्ष भी ऐसा करता है। इसलिए पिछली कार्यवाहियों के मद्देनजर लगभग हर साल पीठासीन अधिकारी कुछ ऐसे शब्दों को चिह्नित करते हैं, जिनका संसद में प्रयोग अशोभन लगता या जिसका ध्वन्यार्थ आपत्तिजनक होता है। अभी जिन शब्दों को असंसदीय करार दिया गया है, उसे लेकर विपक्ष खासा हंगामे पर उतर आया है। उसका कहना है कि उन्हीं शब्दों को असंसदीय करार दिया गया है, जो सरकार के व्यवहार और कामकाज को लेकर प्राय प्रयुक्त होते रहे हैं। विपक्ष का कहना है कि वह उन शब्दों का इस्तेमाल करेगा, अगर सदन को उन्हें निकालना है, तो निकाल दे। इस पर लोकसभा अध्यक्ष ने स्पष्ट किया है कि दरअसल असंसदीय करार दिए गए शब्दों के प्रयोग पर रोक नहीं है, उन्हें सदन के दस्तावेजों में शामिल नहीं किया जाएगा। संसद की सारी कार्यवाही दर्ज होती है। सारे सदस्यों के भाषण दस्तावेज रूप में संकलित होते हैं। लोकसभा अध्यक्ष का कहना है कि असंसदीय करार दिए गए शब्दों को उन दस्तावेजों में शामिल नहीं किया जाएगा। मगर यह स्पष्ट नहीं है कि जब संसद की कार्यवाही का सीधा प्रसारण होता है, तो उसमें से उन शब्दों को कैसे छांटा जाएगा। शायद इसके लिए कोई तकनीकी व्यवस्था हो। मगर विवाद इस बात को लेकर नहीं है कि वे शब्द संसदीय दस्तावेजों में रखे जाएंगे या नहीं, विवाद इस बात को लेकर है कि जिन शब्दों को असंसदीय करार दिया गया है, उसके पीछे तर्क क्या है। उन शब्दों या पदों के प्रयोग के बिना सरकार की आलोचना कैसे संभव हो सकेगी। यानी सरकार परोक्ष रूप से उन शब्दों और पदों को असंसदीय करार देकर एक तरह से संसद में अपनी आलोचना पर रोक लगाने का प्रयास कर रही है।

**संतोष चन्द्र, प्रधान संपादक (गुरुज्योति पत्रिका)**

# कुरैल नदी मे बहे 18 वर्षीय युवक के शव को एसडीआरएफ ने किया बरामद

◆ गुरूज्योति पत्रिका
gurujyotipatrika.com



**बून्दी।** कार्यालय उपखण्ड अधिकारी केशोरायपाटन जिला बून्दी से एसडीआरएफ जी कम्पनी बीकानेर की मानसून सत्र 2022 के दौरान बाढ़ बचाव हेतु पुलिस थाना केशोरायपाटन जिला बूंदी में तैनात रेस्क्यू टीम जी-3 प्रभारी हैड कानि0 भागीरथ सिंह को 18 वर्षीय युवक कुरैल नदी पर बनी पुलिया को पार करने के दौरान पैर फिसलने से नदी में बह जाने की सूचना प्राप्त हुई जिस पर एसडीआरएफ कन्ट्रोल रूम ने कमाण्डेन्ट राजकुमार गुप्ता से अनुमति प्राप्त कर रेस्क्यू टीम प्रभारी बूंदी को अविलंब घटनास्थल के लिए रवाना होने के निर्देश दिये। रेस्क्यू टीम जी-3 प्रभारी 10 जवानों की टीम तथा आपदा राहत उपकरणों के साथ दोपहर 12:50 बजे घटनास्थल के लिए रवाना हुए। दोपहर 02:00 बजे घटनास्थल पर पहुंचकर टीम कमाण्डर ने स्थिति का जायजा लिया तथा एसडीआरएफ कमांडेंट को बताया कि पुलिस थाना गेण्डौली जिला बून्दी के अन्तर्गत ग्राम गोवर्धनपुरा में एक 18 वर्षीय युवक कुरैल नदी पर बने पुल को पार करने के दौरान पैर फिसलने से नदी में बह गया है। युवक की तलाश हेतु स्थानीय गोताखोर तथा सिविल डिफेंस की टीम लगातार प्रयास कर रही है किन्तु सफलता नहीं मिली है। नदी की चौड़ाई 100 फीट, गहराई 20 फीट है। क्षेत्र में तेज बरसात के कारण नदी उफान पर है। एसडीआरएफ राजस्थान कमांडेंट ने टीम कमाण्डर को सुरक्षा एवं रेस्क्यू से सम्बन्धित आवश्यक दिशा-निर्देश दिये तथा गणपति महावर डिप्टी कमांडेंट, दिनेश कुमार राजौरा डिप्टी कमांडेंट तथा किशनाराम कम्पनी कमाण्डर को ऑपरेशन के निकटतम सुपरवीजन हेतु नियुक्त किया। टीम कमाण्डर के निर्देश पर रेस्क्यू टीम के जवानों ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। सबसे पहले रेस्क्यू टीम ने मोटर बोट से नदी के बहाव में बिलाई की मदद से सर्च ऑपरेशन चलाया तथा नदी के किनारों पर झाड़ियों में युवक के शव को तलाश किया। सायं 07:30 बजे अंधेरा होने के कारण स्थानीय प्रशासन के आदेशानुसार सर्च ऑपरेशन सुबह तक स्थगित कर दिया गया। दिनांक 17.07.2022 को प्रातः 07:15 रेस्क्यू टीम ने पुनः सर्च ऑपरेशन शुरू किया। नदी में उफान कम होने के कारण टीम ने पहले लाइन तथा जिक जैक सर्च तकनीक से नदी के तल तक गोता लगाकर सर्च किया, उसके बाद बांस, बिलाई, लाईफ बॉय तथा मोटर बोट की सहायता से गहन सर्च ऑपरेशन चलाया गया। अथक परिश्रम तथा कड़ी मेहनत से दोपहर 02:30 बजे रेस्क्यू टीम को सफलता मिली तथा टीम ने कुरैल नदी में बहे अनिल मीणा पुत्र गंगाराम मीणा उम्र 18 वर्ष निवासी ग्राम गोवर्धनपुर थाना गेण्डौली जिला बूंदी के शव को बाहर निकालकर स्थानीय प्रशासन को सुपुर्द कर दिया। मौके पर मौजूद जिला कलेक्टर डॉ0 रविन्द्र गोस्वामी, क्लेच श्रीमती नतिषा जाखड, थानाधिकारी गेण्डौली मुकेश कुमार यादव मय जाप्ता, ग्राम पंचायत बम्बोरी सरपंच कुलदीप सिंह ऐबरा तथा ग्रामीणों ने एसडीआरएफ को धन्यवाद दिया तथा रेस्क्यू टीम के कार्य की सराहना की।

## पंचायत समिति सदस्य राकेश खंडेलवाल ने सरकारी संस्थाओं में पौधारोपण कर मनाया जन्मदिन

◆ गुरूज्योति पत्रिका
gurujyotipatrika.com



**अलवर/राजगढ़/राजकुमार गुप्ता।** टहला निवासी पंचायत समिति राजगढ़ के वार्ड 01 के सदस्य व पंचायत समिति राजगढ़ की ग्रामीण जल प्रदाय, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता समिति के चेयरमैन राकेश खंडेलवाल ने अनुठी पहल करते हुए रविवार को अपना जन्मदिन सरकारी संस्थाओं में पौधारोपण करके मनाया। राकेश खंडेलवाल ने बताया कि बेहतर पर्यावरण संतुलन के लिए पौधरोपण जरूरी है। उन्होंने अपने जन्मदिन के अवसर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तालाब, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र टहला, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर स्थित आंगनबाड़ी केंद्र के बाहर टहला में तथा विभिन्न सरकारी संस्थाओं व मंदिरों में 11 छायादार कदम वृक्ष के पौधे लगाकर लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। उन्होंने आमजन से आग्रह किया कि हर व्यक्ति को स्वयं के व बच्चों के जन्मदिन पर व वैवाहिक वर्षगांठ के शुभ अवसर पर अधिक से अधिक पौधे लगाकर उनकी उचित देखभाल करनी चाहिए। खंडेलवाल अपना जन्मदिन पौधे लगाकर व अपना घर आश्रम में रह रहे लोगों के बीच मनाते हैं। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तालाब के प्रभारी लक्ष्मीनारायण धनवंत, गोपाल शर्मा, टहला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत चिकित्सक डॉ विनय राज देवतवाल, मुखराम गुर्जर, उषा रानी, दिलीप, हरीश ,जगमोहन ,समाजसेवी मुरारी लाल बैरवा, खेम चंद बैरवा, जगदीश बैरवा, सीएचए संघ के जिला अध्यक्ष अभिषेक शर्मा ,रवि सैन सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।

## सफाई व्यवस्था चरमराई-कस्बे में गंदगी का आलम, नाले नालियां कचरे गंदगी से अटे

### संक्रामक रोगों के फैलने की संभावनाएं हुई प्रबल

◆ गुरूज्योति पत्रिका
gurujyotipatrika.com



**राजगढ़/अलवर/राजकुमार गुप्ता।** कस्बे की सफाई व्यवस्था लड़खड़ाने से जगह जगह गलियो, बाजारों तथा वार्डो में कचरे गंदगी से भरे नाले नालियां बरसात के मौसम को देखते हुए मच्छरों के साथ अन्य संक्रामक रोगों को खुला निमंत्रण दे रहे हैं। कस्बे के मुख्य कांकवाडी बाजार, कुंड? मौहल्ला,आर्य समाज गली,दौला खोजा सहित अन्य स्थानों पर सफाई कर्मचारियों के द्वारा माकूल सफाई नहीं किए जाने से दुर्गंधयुक्त वातावरण बना हुआ है तथा मच्छर पनपना शुरू हो गया है। जिससे आमजन परेशान हो चला है। आर्य समाज गली की पार्षद बिमला देवी ने बताया की उसके द्वारा कई बार पालिका में लिखित एवं मौखिक रूप से सफाई कराने एवं नाले नालियों को साफ करने, नाले पर टूटे जाल को लगवाने के बारे में अवगत कराया लेकिन पालिका प्रशासन के ध्यान नहीं दे रही है जिससे वार्ड में गंदगी का आलम है। इधर पालिका अधिशाषी अधिकारी तेजराम मीना दूरभाष पर बताया की उन्होंने आने के बाद सफाई व्यवस्था पर काफी काम किया है।

## कुमावत के सीए बनने पर गांव में खुशी की लहर



**गुरूज्योति पत्रिका/दातारामगढ़/रानोली।** कस्बे के मध्यम श्रेणी परिवार के लाडले ने सीए की परीक्षा उत्तीर्ण करने में सफलता हासिल की है। सीए की उपलब्धि पर गांव में मिठाई वितरण कर खुशी का इजहार किया जा रहा है। पिता भंवरलाल कुमावत निवासी ठाकरवाली कोठी रानोली ने बताया कि बेटा सीए उमेश कुमावत बचपन से ही मेधावी एवं होनहार छात्र था। उसने सीनियर कक्षा उत्तीर्ण के बाद सीए की पढ़ाई की ओर रुझान कर दिया था। सीए उमेश अपनी सफलता का श्रेय माता पिता व शिक्षकों को दिया है। इसके पिता भंवरलाल कुमावत सामान्य कपड़े की दुकान चलाते है तथा माता विमला देवी गृहिणी है। सीए के घर पर सुभाष कुमावत, शीशराम गुर्जर, अंकित चौधरी, महिपाल खोखर, झाबरमल आर्य सहित कई लोगों ने सफलता पर बधाई दी।

## भीम आर्मी भारत एकता मिशन की प्रदेश कार्यकारिणी का किया विस्तार

### एडवोकेट नन्दकिशोर दानोदिया बने प्रदेश सचिव



**गुरूज्योति पत्रिका/सीकर/अनिल इन्दलिया।** भीम आर्मी भारत एकता मिशन की प्रदेश कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। जिसमें प्रदेश संयोजक योगेश कुमार द्वारा सीकर के कार्यकर्ता एडवोकेट नन्दकिशोर दानोदिया के संगठन के प्रति कार्यो देखते हुए प्रदेश सचिव पद पर नियुक्त किया गया। इस दौरान नेछवा महासचिव धर्मपाल बाबर ,राजेश जोया, विजय चाहिल अनिल कूदन, महेश बारोटिया, जयस्वामी कल्याण रामाभाई बावड़ी ,मनीष पार्षद, मनोज मेघवाल, बुलेश गोरासरा, श्याम लाखनी आदि कार्यकर्ता ने बधाई दी तथा प्रदेश कार्यकारणी का आभार व्यक्त किया।

## मारवाड़ रत्न दाता सतगुरू गुलाबदास महाराज की जन्मभूमि 'कुटिया' में चार्तुमास कार्यक्रम का हुआ भव्य शुभारम्भ

◆ गुरूज्योति पत्रिका
gurujyotipatrika.com



**नागौर/नोखा चांदावता।** कस्बे के विरक्त शिरोमणि दाता गुलाबदास महाराज की जन्मभूमि देवासियों के बास में स्थित कुटिया में विशाल चातुर्मास का शुभारंभ 14 जुलाई को पीठाधीश्वर आचार्य स्वामी भगवानदास महाराज पुष्कर धाम के परम सानिध्य में हुआ। गुरूवार सुबह सवा नौ बजे से राईका बाग बस स्टैण्ड से जन्मभूमि कुटिया तक नोखा चांदावता के इतिहास की अब तक की सबसे बडी हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं की मौजूदगी में कलश यात्रा हाथी, घोड़े, ऊंट, रथ, बगिया, और गाजे बाजे के साथ निकाली गई। इस भव्य चार्तुमास के आयोजनकर्ता रणवीर सिंह पुत्र भंवर सिंह चांदावत (पूर्व प्रधान मेड़ता) ने बताया की विशाल शोभा यात्रा और कलश यात्रा में लगभग तीन हजार से अधिक संख्या में धर्म प्रेमियों ने भाग लिया और यह अब तक नोखा चांदावता के इतिहास की सबसे बड़ी और सफल शोभा यात्रा रही। चातुर्मास 14 जुलाई से 10 सितंबर तक प्रतिदिन सुबह 7:00 बजे से लेकर के 8:00 बजे तक वाणी जी का पाठ और दोपहर 1:00 बजे से लगाकर 4:00 बजे तक प्रवचन सत्संग और रात्री 8:00 बजे से 10:00 बजे तक भजन संध्या के साथ सम्पन्न होगा। इस स्वर्णिम अवसर पर संत राजाराम, संत हडमानदास, संत माणकराम, संत मानदास, संत आसाराम, संत ज्योतिगिरी, संत ईश्वरदास, साध्वी सुगनाबाई, संगीतकार पुखराज नाडावत, ढोलक वादक हडमान समेत हजारों भक्त गण मौजूद रहें।

## वर्ल्ड रेलवे क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता जर्मनी में रतिराम सैनी ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया

◆ गुरूज्योति पत्रिका
gurujyotipatrika.com



**राजगढ़/अलवर।** क्षेत्र के डेरा गाँव निवासी रतीराम सैनी ने 17 वी USICS वर्ल्ड रेलवे क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता जर्मनी में गोल्ड मेडल प्राप्त कर क्षेत्र व देश का नाम रोशन किया। धावक मोनू पीटीआई ने बताया कि जर्मनी मे आयोजित प्रतियोगिता में राजगढ़ क्षेत्र के रतीराम सैनी ने प्रतियोगिता में प्रथम स्थान (गोल्ड मेडल) प्राप्त कर क्षेत्र ही नहीं देश का भी नाम रोशन किया। भारत से 5 सदस्य टीम खेलने गई जिसमें रतिराम सैनी भी शामिल हुए। भारतीय दल का प्रतिनिधि करके अपने क्षेत्र व देश का नाम रोशन किया। सैनी के राजगढ़ आगमन पर रेलवे स्टेशन पर धावक फिजिकल फिटनेस एकेडमी, खेल प्रेमियों व गाँव के प्रबुद्ध नागरिकों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। मोनू ने बताया की अगर राजगढ़ क्षेत्र में खिलाड़ियों के लिए स्टेडियम की कमी है। अगर स्टेडियम की व्यवस्था हो जाए तो खिलाड़ी और भी मेडल लाकर क्षेत्र का नाम रोशन कर सकते हैं। इस मौके पर विश्राम मीणा, हरिप्रसाद शर्मा, रामकिशन, चेतराम, आशीष, महेश, सचिन, रोशन, नगेंद्र, पवन, शिवम, पवन रेवारी, दीपक, सोनू, जसवीर धीरू, देवानंद, प्रदुमन व नरेश सहीत ग्रामवासी मौजूद रहे।

## कार की टक्कर से पोल टूटा, बड़ा हादसा टला, आपूर्ति बन्द



**गुरूज्योति पत्रिका/दातारामगढ़।** कस्बे के गोरियां फीडर के हर्षणियाँ गांव में शनिवार देर रात अनियंत्रित कार की टक्कर लगने से बिजली का पोल टूट कर सड़क पर तारों से लटक गया। इससे एकबारगी आवागमन बाधित हो गया। गनीमत रही इस दौरान बिजली आपूर्ति बन्द हो गई अन्यथा कार में सवार चार जिन्दगी आफत में फंस जाती। कनिष्ठ अभियंता रानोली शिवराज बिजारणियां ने बताया कि शनिवार देर रात सांगरवा से गोरियां की ओर जा रही तेज गति की कार ने असन्तुलित होकर सड़क किनारे खड़े पोल के टक्कर मार दी। पोल बीच में से टूटकर सड़क की ओर गहरा झुक गया। हादसे की आशंका के चलते इस फीडर की सप्लाई को बंद कर दिया गया है। हादसे के बाद मौके से चालक कार को भगा कर ले गया। कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। गोरियां के पास क्षतिग्रस्त होने से कार बन्द हो गई। उधर रविवार को विभाग ने दूसरा पोल बदलकर अपुरई को बहाल किया।

# बाड़मेर विधानसभा क्षेत्र में 20 हजार पौधा वितरित करेंगे राठौड़

◆ गुरूज्योति पत्रिका
gurujyotipatrika.com



**गुरुज्योति ब्यूरो/बाड़मेर।** राजस्थान के पूर्व उप-मुख्यमंत्री सचिन पायलट के पर्यावरण संरक्षण के आव्हान पर कांग्रेस पार्टी के यवा नेता आजाद सिंह राठौड़ के नेतृत्व में बाड़मेर विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्र में 20 हजार पौधों का वितरण किया जा रहा है। कांग्रेस पार्टी के युवा नेता आजाद सिंह राठौड़ ने बताया कि हमारे नेता सचिन पायलट जी पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन को लेकर हमेशा प्रयासरत रहते है, साथ ही प्रकृति का संरक्षण एवं संवर्धन सभी जीव जगत के लिए बेहद ही अनिवार्य है, पेड़ प्रकृति का आधार हैं। पेड़ों के बिना प्रकृति के संरक्षण एवं संवर्धन की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। सचिन पायलट के हरे-भरे एवं खुशहाल राजस्थान के संकल्प के तहत बाड़मेर विधानसभा क्षेत्र में रिकॉर्ड पौधों का वितरण किया जा रहा है। अभी वर्षा का मौसम शुरु हुआ है, यह पौधारोपण के लिए सबसे उत्कृष्ट समय है। राठौड़ ने बताया की कार्यकर्ताओं के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र में पौधे लगाये जाएंगे एवं साथ ही स्थानीय कार्यकर्ताओं को इनके संरक्षण की भी जिम्मेदारी दी जाएगी। पौधा वितरण कार्यक्रम प्रभारी मुलतान सिंह महाबार ने बताया कार्यालय आजाद सिंह राठौड़ से आज पौधों से भरे वाहन को रवाना किया है जो की बाड़मेर विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्र में वितरित किया जाएगा। कार्यकर्ताओं में भी पर्यावरण संरक्षण को लेकर किये जा रहे इस अभियान जोश दिखाई दे रहा है। पूर्व यूथ कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष नारायण मेघवाल ने बताया की बाड़मेर विधानसभा क्षेत्र में पूर्व में भी हमारी विधानसभा-हरित विधानसभा अभियान के तहत हर ग्राम पंचायत में पौधारोपण किया था। उस समय के अभियान का भी हरित पर्यावरण को लेकर अच्छा संदेश गया था। इस बार भी बाड़मेर विधानसभा क्षेत्र की ग्रामीण क्षेत्रों में यह अभियान सफल होगा। इस अवसर पर गोस्वामी समाज शहर अध्यक्ष खेत गिरी महाराज, खंगारसिंह शिवकर, लक्ष्मण पूरी नोखड़ा, डालू राम सेवर, बी.ल.जेलीया, पवन चौहान, विनोद गिरी, संजय सिंह, खुमानसिंह, मोहन गोयल, अचल गोस्वामी, आवड़ दान, मगाराम, मोहन कुमावत, सुरेंद्रसिंह, रमेश एवं अन्य कार्यकर्ता, पर्यवारण प्रेमी व आमजन उपस्थित रहे।

## सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा कारागार विभाग मंत्री टीकाराम जूली की जनसुनवाई

◆ गुरूज्योति पत्रिका
gurujyotipatrika.com



**अलवर।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा कारागार विभाग मंत्री टीकाराम जूली ने रविवार को मोती डूंगरी स्थित कार्यालय में जनसुनवाई की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार आमजन की समस्याओं के निस्तारण के लिए अलवर व जयपुर मुख्यालय पर नियमित रूप से जनसुनवाई की जा रही है। जनसुनवाई में जिले व प्रदेश से आए लोगों की समस्याओं का समाधान करने की दिशा में विभागीय अधिकारियों को लगातार निर्देश दिए जा रहे है। वर्तमान में मुख्यतौर पर स्थानान्तरण सहित अन्य समस्याओं का निपटारा कर आमजन को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से जनसुनवाई कार्यक्रम रखा गया है।

### विज्ञान संकाय की स्वीकृति पर जूली का किया स्वागत

अलवर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के गांव पूनखर के राजकीय सीनियर सैकेण्डरी स्कूल में विज्ञान संकाय स्वीकृत कराने पर सैकडों की संख्या में पहुंचे ग्रामीणों ने मोती डूंगरी स्थित कार्यालय पर मंत्री जूली का माला व साफा पहनाकर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार शैक्षिक स्तर को मजबूत बनाने के उद्देश्य से लगातार नीतिगत फैसले कर रही है।

### भजीट के ग्रामीणों ने जताया मंत्री का आभार

अलवर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के गांव भजीट, सालपुरी, गुजुकी एवं मदनपुरी के ग्रामीणों ने कार्यालय पहुंचकर संयुक्त रूप से मंत्री जूली का स्वागत करते हुए आभार जताया। उन्होंने कहा कि अलवर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के सतत विकास के लिए वे लगातार प्रयास कर रहे है।

### मंत्री टीकाराम व डेयरी चेयरमैन का हुआ अभिनन्दन

अलवर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आए लोगों ने मंत्री टीकाराम जूली एवं सरस डेयरी के नवनिर्वाचित चेयरमैन विश्राम गुर्जर का मिठाई खिलाकर अभिनन्दन किया। मंत्री जूली ने कहा कि सरस डेयरी के माध्यम से अलवर जिले के निवासियों के लिए शुद्ध डेयरी उत्पादों को पारदर्शिता के साथ उपलब्ध कराना प्राथमिकता देगें। इस अवसर पर बी.एल मीना, किसान नेता धरमी चौधरी, सरपंच हजारी लाल, चरण चौधरी, मनोहरलाल शर्मा, नूर मोहम्मद, राधेश्याम शर्मा, रामजीलाल, रामभरोस चौधरी, गबरू, सरदार चौधरी, किशनलाल, राजेन्द्र, परसादी लाल, कालूराम, हेमराज, अनिल मुद्गल, अमरचंद जाटव, बलबीर सिंह भजीट, राकेश जाटव, रवि, फूलसिंह, विनोद, राहुल मेहराणा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## अखिल भारतीय गुर्जर महासभा की बैठक का हुआ आयोजन



**गुरूज्योति पत्रिका/रैणी/अलवर।** उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत डोरोली के गांव लालका में अखिल भारतीय गुर्जर महासभा इकाई रैणी की एक बैठक का आयोजन हुआ। बैठक की अध्यक्षता सरपंच प्रतिनिधि छज्जू सिंह गुर्जर ने की। बैठक में गरीब बच्चों की सहायता धनराशि व समाज के उत्थान के लिए अनेक प्रकार की रणनीति बनाई गई समाज में व्याप्त कुरीतियों को मिटाकर शिक्षित एवं स्वस्थ समाज बनाने का संकल्प लिया। बैठक में पुखराज गुर्जर,बाबूलाल गुरुजी,मनोहर बबेली,कैलाश बबेली, अजय सिंह काली पहाड़ी, सरदार गुर्जर लालका,प्रभु दयाल गुर्जर लालका,हरिराम, घुड़ी राम बिन्जारी, विजेंद्र गुर्जर,गंगा सहाय गुर्जर भजाक बास सहित गुर्जर समाज के 22 गांव के सैकड़ों लोगों सहित गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। यह जानकारी मीडिया को विरेन्द्र गुर्जर लालका द्वारा दी गई।

## विश्व हिन्दू परिषद की जिला बैठक आयोजित

**गुरूज्योति पत्रिका/देचू।** विश्व हिन्दू परिषद की कार्यकारिणी की जिला बैठक का आयोजन रविवार को हेडगेवार भवन फलोदी में किया गया। देचू प्रखंड अध्यक्ष अभयसिंह राठौड़ नें बताया कि विश्व हिन्दू परिषद के 58 वें स्थापना दिवस एवं जन्माष्टमी पर विभिन्न कार्यक्रमों संबंधी निर्णय लिए गए। इस दौरान भवानी सिंह कोलू पाबूजी एवं विक्रम सिंह राजपुरोहित का विश्व हिंदू परिषद की तरफ से स्वागत किया गया। जिला बैठक में राजेश दवे, विभाग मंत्री हरिप्रसाद, ट्रस्टी विहिप विक्रांत अग्रवाल, प्रांत सह कोषाध्यक्ष फलोदी जिला अध्यक्ष जयप्रकाश गुचिया, कान सिंह प्रखंड मंत्री देचू, प्रेम सिंह बजरंग दल संयोजक देचू, भगवान सिंह कोलू पाबूजी, श्रवण सिंह, सहीराम बिश्नोई, बुद्धा राम सुथार ,भंवरलाल मंडला, विवेक विश्नोई, रावल सिंह, दिलीप सिंह, मोती सिंह,कंवराज सिंह सहित लोग उपस्थित रहे।

## किसानों ने कहा कैलाश चौधरी किसान हितेषी नेता, किसान कॉम को आगे बढ़ाना चाहते हैं चौधरी

**गुरूज्योति पत्रिका/बाड़मेर।** इलेक्शन 2023/24 को नजदीक देखते हुए हमने जनता का मूड जानने की कोशिश की। ऐसे में हमने कई गांव का दौरा किया गांव गांव पहुंचकर किसानों की प्रतिक्रिया ली। वह उनसे राजनीति, इलेक्शन 2023/24 व किसान हितेषी नेताओं के बारे में जानने की कोशिश की। तो कई किसान भारतीय जनता पार्टी व पार्टी के दिग्गज नेता कैलाश चौधरी के समर्थन में नजर आए। किसानों से हमने कैलाश चौधरी का समर्थन करने की वजह भी जानने की कोशिश की। तो किसानों ने कहा कैलाश चौधरी किसान कॉम को आगे बढ़ाना चाहते हैं और चौधरी के पूर्व में किए गए संग्रश के बारे में भी किसानों ने बताया किसानों ने कहा कैलाश चौधरी किसान, गरीब, बेरोजगार, व मजदूरो के लिए पूर्व में भी लंबा संघर्ष किया है चौधरी किसान कॉम के हितेषी नेता है और चौधरी के कार्यों को हम लोग खुश हैं।



## बांध की नहर खुली रहने से व्यर्थ बहा पानी



**गुरूज्योति पत्रिका/देसूरी।** उपखण्ड मुख्यालय पर स्थित हरिओम सागर बांध की नहर खुली रहने से करीब दस फिट से ज्यादा पानी व्यर्थ बह गया। रविवार को कस्बे में हुई तेज बारिश से जलस्त्रोत में पानी की आवक हुई थी। नदी-नाले भी वेग पर चले। देसूरी नाल के नाला से बहकर आया पानी हरिओम आश्रम बांध में नही रुक पाया। बांध पर मौजूद लोगों ने बताया कि बांध में दस फिट से भी ज्यादा पानी स्टोरेज हुआ था।मगर लापरवाही के चलते नहर के गेट खुले छोड़ने के कारण व्यर्थ बह गया। वही अच्छी बारिश के चलते सेलीनाल बांध में भी पानी की आवक हुई है।

## आगरा बांदीकुई रेल मार्ग पर ट्रेन से कटकर वृद्ध की मौत



**गुरूज्योति पत्रिका/रैणी/अलवर।** आगरा बांदीकुई रेल मार्ग पर रविवार को ट्रेन से कटकर एक वृद्ध की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक दौसा जिले के गांव हिंगोटा निवासी कजोड़ राम मीणा लगभग 75 वर्षीय है। पुलिस ने बताया कि मृतक कजोडराम मीना रविवार सुबह तड़के वृद्ध पैदल ही अपने गांव हिंगोटा से जा रहा था। वृद्ध का बेटा मंडावर अस्पताल में भर्ती था। रेलवे लाइन के आसपास बारिश का पानी जमा होने के कारण ट्रेक पर चल रहा था। ट्रैक पर पैदल चलते हुए उसे ट्रेन की आवाज सुनाई नहीं दी जिसके कारण यह हादसा हो गया। रैणी थाना क्षेत्र के कटीघाटी से आकोदा फाटक के बीच की घटना सूचना पर रैणी पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया। रैणी थाना एएसआई जयराम मीणा ने दी जानकारी।

# प्रशासन शहरों के संग अभियान नगर परिषद जालोर, नगर पालिका भीनमाल एवं सांचौर का 18 जुलाई से होगा प्रारंभ

### जिला कलक्टर ने शिविर में आमजन को लाभान्वित करने के दिए निर्देश

गुरूज्योति पत्रिका
gurujyotipatrika.com




**जालोर।** प्रशासन शहरों के संग अभियान के तहत जिले में नगर परिषद जालोर, नगर पालिका भीनमाल एवं सांचौर का शिविर कार्यक्रम 18 जुलाई, सोमवार से प्रारंभ होगा। स्वायत्त शासन विभाग के निर्देशानुसार वार्डवार कार्यक्रम में शिविर का समय प्रातः 10 बजे से सांय 6 बजे तक निर्धारित किया गया है। शिविर के लिए संबंधित उपखण्ड अधिकारी को प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। जिला कलक्टर निशान्त जैन ने संबंधित अधिकारियों को राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप प्रशासन शहरों के संग अभियान में संपादित होने वाले कार्य तत्परता से करते हुए आमजन को लाभान्वित करने के निर्देश दिए है।

### शिविर में स्थानीय निकाय द्वारा किये जाने वाले कार्य

प्रशासन शहरों के संग अभियान के तहत आयोजित होने वाले शिविरों में स्थानीय निकाय द्वारा किये जाने वाले कार्य यथा- स्टेट ग्रांट एक्ट, खांचा भूमि आवंटन, कृषि भूमि रूपान्तरण (90ए), पुरानी आबादी में फ्री होल्ड पट्टे (69ए), कच्ची बस्ती नियमन, निकाय की योजनाओं में पट्टे, नजूल सम्पतियों पर बसी कॉलोनियों के पट्टे, लीज होल्ड पट्टों को फ्री होल्ड पट्टों को बदलना, पूर्व में जारी पट्टों का पुर्नवैध कर पंजीयन करना, लघु अवधि की लीज सम्पत्ति को 99 वर्षीय लीज एवं फ्री होल्ड के पट्टे देना, नाम हस्तान्तरण, पुनर्गठन, उपविभाजन, भू-उपयोग परिवर्तन के तहत पट्टे जारी करना, भवन मानचित्र अनुमोदित करना, निर्माण अवधि विस्तार करना, आवंटन व नीलामी के प्रकरणों में आवंटन पत्र बहाल करना, प्रधानमंत्री आवास योजना/मुख्यमंत्री जन आवास योजनाओं के अंतर्गत आवेदन प्राप्त करना, इन्दिरा गांधी शहरी क्रेडिट कार्ड योजना, स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत व्यक्तिगत एवं सामुदायिक शौचालयों का चिन्हीकरण, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अंतर्गत स्व रोजगार के लिए ऋण आवेदन पत्र प्राप्त करना एवं कौशल प्रशिक्षण के लिए आवेदन पत्र प्राप्त करना तथा पथ विक्रेता को पहचान पत्र जारी करना आदि कार्य किये जायेंगे।

### अन्य विभागों द्वारा किये जाने वाले कार्य

शिविर में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा वृद्धावस्था, विधवा एवं विकलांग पेंशन, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा पेयजल व पाईप लाईन लीकेज, खराब नल व हैण्ड पम्प ठीक करना, ऊर्जा विभाग द्वारा ढीले तारों को व्यवस्थित करना, भवनों के ऊपर की लाईनों को शिफ्ट करना, बकाया विद्युत कनेक्शन जारी करना, सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा निकाय क्षेत्र की क्षतिग्रस्त व टूटी सड़कों एवं पुलियाओं की मरम्मत करना, राजस्व विभाग द्वारा मास्टर प्लान क्षेत्र की मरम्मत सिवायचक भूमि को निकायों को हस्तांतरित करना, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा राष्ट्रीय टीकाकरण, कुपोषण से मुक्ति कार्य तथा चिकित्सा विभाग द्वारा विशेष योग्यजन को प्रमाण पत्र देना आदि कार्य किये जायेंगे।

### इनका कहना है -

नगर परिषद के वार्ड संख्या 1 के लिए 18 से 19 जुलाई, वार्ड संख्या 2 के लिए 21 से 22 जुलाई, वार्ड संख्या 3 के लिए 25 से 26 जुलाई, वार्ड संख्या 4 के लिए 28 से 29 जुलाई तथा वार्ड संख्या 5 के लिए 1 से 2 अगस्त तक वैद्यनाथ महादेव मंदिर बागोडा रोड में शिविर आयोजित होगा। वार्ड संख्या 6 के लिए 4 से 5 अगस्त, वार्ड संख्या 7 के लिए 8 व 10 अगस्त, वार्ड संख्या 8 के लिए 16 से 18 अगस्त, वार्ड संख्या 9 के लिए 22 से 23 अगस्त तथा वार्ड संख्या 12 के लिए 25 से 26 अगस्त तक सामुदायिक भवन लाल पोल के अन्दर जालोर में शिविर आयोजित होगा। वही वार्ड संख्या 10 के लिए 29 से 30 अगस्त, वार्ड संख्या 11 के लिए 1 से 2 सितम्बर, वार्ड संख्या 13 के लिए 6 से 7 सितम्बर, वार्ड संख्या 14 के लिए 8 से 9 सितम्बर, वार्ड संख्या 15 के लिए 12 से 13 सितम्बर तथा वार्ड संख्या 16 के लिए 15 से 16 सितम्बर तक महिला पुलिस थाना, कोतवाली के पास जालोर में शिविर में आयोजित होगा। उन्होंने बताया कि कैंप के प्रथम दिन जिला कलेक्टर निशांत जैन द्वारा पट्टे वितरित किए जाएंगे।

**महिपाल सिंह, आयुक्त जालोर नगर परिषद**

नगर पालिका भीनमाल के वार्ड संख्या 20 व 21 के लिए 18 से 19 जुलाई तक राजकीय प्रवेशिका विद्यालय संतोषी माता भीनमाल में, वार्ड संख्या 22 के लिए 21 से 22 जुलाई तक राजकीय माध्यमिक विद्यालय संतोषी माता के सामने भीनमाल में, वार्ड संख्या 23 के लिए 25 से 26 जुलाई तक राजकीय माध्यमिक विद्यालय संतोषी माता के सामने भीनमाल में, वार्ड संख्या 24 के लिए 28 से 29 जुलाई तक शिव बाल निकेतन स्कूल के पास, वार्ड संख्या 25 के लिए 1 से 2 अगस्त तक इन्दिरा नगर बगीचा में, वार्ड संख्या 26 के लिए 4 से 5 अगस्त तक उच्च प्राथमिक विद्यालय गौशाला रोड, वार्ड संख्या 27 के लिए 22 से 23 अगस्त तक राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय माघ कॉलोनी, वार्ड संख्या 28 के लिए 25 से 26 अगस्त तक राजकीय विद्यालय रेलवे स्टेशन रोड, वार्ड संख्या 29 के लिए 29 से 30 अगस्त राजकीय प्राथमिक विद्यालय विनायकपुरी, वार्ड संख्या 30 तथा 39 के लिए 1 से 2 सितम्बर तक खेल मैदान तलबी रोड, वार्ड संख्या 21 व 40 के लिए 7 से 8 सितम्बर राउमावि भीनमाल, वार्ड संख्या 32 व 33 के लिए 12 से 13 सितम्बर तक राजकीय प्राथमिक विद्यालय जगजीवन राम कॉलोनी, वार्ड संख्या 34 के लिए 15 से 16 सितम्बर तक राजकीय प्राथमिक विद्यालय नं-2 जगजीवन राम कॉलोनी, वार्ड संख्या 35 व 38 के लिए 19 से 20 सितम्बर तक रामदेवजी मंदिर होली चैक, वार्ड संख्या 36 के लिए 22 से 23 सितम्बर तक घमण्डीरामजी का नोहरा तथा वार्ड संख्या 37 के लिए 27 से 28 सितम्बर तक नगर पालिका परिसर में आयोजित होगा।

**आशुतोष आचार्य, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका भीनमाल**

नगर पालिका सांचैर के वार्ड संख्या 1 के लिए 18 से 19 जुलाई तक लोहारों के घर के पास में, वार्ड संख्या 2 के लिए 21 से 22 जुलाई तक शोभालेश्वर मंदिर में, वार्ड संख्या 3 के लिए 25 से 26 जुलाई तक सार्वजनिक सभा भवन हनुमान मंदिर में, वार्ड संख्या 4 के लिए 28 से 29 जुलाई तक राजपूत बोर्डिंग में, वार्ड संख्या 5 के लिए 1 से 2 अगस्त तक अग्निशमन केन्द्र में, वार्ड संख्या 6 के लिए 4 से 5 अगस्त तक आयुर्वेदिक अस्पताल में, वार्ड संख्या 7 के लिए 8 एवं 10 अगस्त को गोगाजी का मंदिर में, वार्ड संख्या 8 के लिए 16 से 17 अगस्त तक नर्मदा कॉलोनी डाक बंगला में, वार्ड संख्या 9 के लिए 22 से 23 अगस्त तक नर्मदा कॉलोनी डाक बंगला में, वार्ड संख्या 10 के लिए 25 से 26 अगस्त तक नर्मदा कॉलोनी डाक बंगला में, वार्ड संख्या 11 के लिए 29 से 30 अगस्त तक हनुमान मंदिर के पास मुजिया वास में, वार्ड संख्या 12 के लिए 1 से 2 सितम्बर तक नेहरू रंग मंच में, वार्ड संख्या 13 के लिए 6 से 7 सितम्बर तक नेहरू रंग-मंच में, वार्ड संख्या 14 के लिए 12 से 13 सितम्बर तक तपावास चैक में तथा वार्ड संख्या 15 के लिए 15 से 16 सितम्बर तक नगर पालिका कार्यालय में शिविर आयोजित होगा।

**हरीश चंद्र गहलोत, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका सांचौर**

# 10 करोड़ की लागत से 46 किलोमीटर डामर सड़कों का होगा निर्माण

### बाड़मेर विधायक मेवाराम जैन की अनुशंसा पर सरकार ने दी स्वीकृति

### विधायक जैन ने मुख्यमंत्री एवं सार्वजनिक निर्माण मंत्री का जताया आभार

गुरूज्योति पत्रिका
gurujyotipatrika.com

**बाड़मेर/डालू जाखड़/संवाददाता रावतसर।** राज्य गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष एवं बाड़मेर विधायक मेवाराम जैन की अनुशंसा पर राज्य सरकार ने विधानसभा क्षेत्र बाड़मेर में विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में 10 करोड की लागत से 46 किलोमीटर डामर सड़कों के निर्माण की स्वीकृति जारी की है इस स्वीकृति के तहत विधानसभा क्षेत्र बाड़मेर में 26 निम्न डामर सड़कों का निर्माण होगा जिसमे डामर सड़क कवास भुरटिया फाटक से मगनानी कुम्हारों की ढाणी 2.50 किमी 57.5 लाख, डामर सड़क रानीगांव से राजकीय प्राथमिक विद्यालय पेमानियो मेघवालों की ढाणी डूंगरनगर 2 किमी 60 लाख, डामर सड़क पिथोनी मेघवालों की ढाणी से दुदाबेरी सड़क तक 2 किमी 46 लाख, डामर सड़क जालीपा से हापो की ढाणी 2 किमी 46 लाख, डामर सड़क दरुडा से जसवंतपुरा 2 किमी 46 लाख, डामर सड़क नैन जी की ढाणी से ढाढीयो की ढाणी ढाढ़ीसर बेरिवालातला 1किमी 23 लाख, डामर सड़क कुम्हारों का नाडिया से भाटो मेघवालों एवं सुथारों की ढाणी तक डाबली सरा 1 किमी 30 लाख, डामर सड़क कुम्हारो का नाडिया से मगाराम सारण की ढाणी तक डाबलीसरा 1.5 किमी 36.6 लाख, डामर सड़क सिणधरी सड़क से कुंभवास गालाबेरी तक 1.5 किमी 34.5 लाख, डामर सड़क पुनडो की बस्ती सड़क से रामदेव मंदिर तक 1 किमी 23 लाख, डामर सड़क हरचंद की प्याऊ सड़क से हमीरसिंह महेचा की ढाणी तक 1.5 किमी 34.5 लाख, डामर सड़क कगाऊ से मेघवालो की ढाणी 1.5 किमी 34.5 किमी, डामर सड़क नवजी का से सऊओ की ढाणी 2 किमी 46 लाख, डामर सड़क कुडला सरली सड़क राडो की होदी से स्वरूपे का नाडा भीलो एवम मेघवालो की ढाणी 2 किमी 46 लाख, डामर सड़क अजबनगर से दुदई नाडी तक 2 किमी 46 लाख, डामर सड़क तिरसिंगड़ी आबादी बस्ती 2 किमी 46 लाख, डामर सड़क हुकमाराम माली के घर एवम आस पास आबादी क्षेत्र बलदेव नगर 1 किमी 23 लाख, डामर सड़क आदर्श उण्डखा मुख्यालय से रायमलोनियो मेघवालो की ढाणी तक 1.5 किमी 34.5 किमी, डामर सड़क शहीद उगमसिंह सड़क से बुलोनियो राजपूतों की ढाणी तक आदर्श ढूंढा 1 किमी 23 लाख, डामर सड़क रावतसर से देकानियो मेघवालों की ढाणी तक 2 किमी 46 लाख, डामर सड़क मुरटाला गाला से तनसिंह की ढाणी तक 800 मी 18.40 किमी, डामर सड़क राजस्व गाँव तनसिंहपुरा मारुड़ी 1 किमी 23 लाख, डामर सड़क सम्मो की ढाणी से सोखरू 2 किमी 46 लाख, डामर सड़क जूना खारा सड़क से जहानपुरा ( जूना पतरासर ) 2 किमी 46 लाख, डामर सड़क सरणू पनजी से तेलियों, नर्सिंगोणी मेघवालों की ढाणी तक 2 किमी 46 लाख, डामर सड़क लालोनियो की ढाणी सड़क से लूणाराम माली के घर तक 1.5 किमी 34.5 लाख ।

## वरिष्ठ शिक्षक नेता शिवदत्त आर्य को राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत का पुनः प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया

**गुरूज्योति पत्रिका/जालोर।** वरिष्ठ शिक्षक नेता शिवदत्त आर्य को राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत का पुनः प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनका कार्यक्षेत्र जालोर, सिरोही व पाली रहेगा। जिला संयोजक दलपत सिंह आर्य ने बताया कि वरिष्ठ शिक्षक नेता शिवदत्त आर्य इससे पूर्व भी प्रदेश उपाध्यक्ष थे ।वे कई आंदोलनों का सफल नेतृत्व कर चुके हैं और शिक्षक हित में लगा रात लगातार संघर्षरत है। आर्य वर्तमान में जिला वुशू संघ के अध्यक्ष एवं आर्य वीर दल के महामंत्री पद पर कार्यरत है। वर्तमान में राज राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जालोर में वरिष्ठ अध्यापक संस्कृत के पद पर कार्यरत है ।आर्य के प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त होने पर जिला संरक्षक गोपाल सिंह मंडलावत व ओमप्रकाश खंडेलवाल, जिला सहसंयोजक गोवन्द सिंह राव, प्रभारी प्रशांत सिंह, भीनमाल से शंभूदत्त दवे, दिलीप दवे अर्जुन जीनगर, जसवंतपुरा से महकीराम मीणा, भोमसिंह मीणा, बागोड़ा खेमसिंह रावल, टिकेंद्र सिंह, राकेश शर्मा, आहोर से मुकेश चौधरी,अमृतलाल गर्ग, पारसमल, जालौर से नसीर खान, कपिल मुद्गल, राजेंद्र कुमार माली ,शैलजा माथुर लता मुकेश, सुशील पाल सिंह, कृष्ण कुमार सहित कई शिक्षक नेताओं ने उन्हें बधाई देते हुए प्रदेश अध्यक्ष महावीर सिहाग व प्रदेश महामंत्री उपेंद्र शर्मा का आभार जताया है।



# राज्य सरकार ट्रांसजेन्डरों के प्रति संवेदनशील-टीकाराम जूली

गुरूज्योति पत्रिका
gurujyotipatrika.com

**अलवर।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग मंत्री टीकाराम जूली ने रविवार को अलवर में आयोजित हो रहे अखिल भारतीय किन्नर सम्मेलन में शिरकत की। मंत्री जूली ने अपने संबोधन में कहा कि राज्य सरकार ट्रांसजेन्डरों के प्रति संवेदनशील है। इनके कल्याण हेतु राज्य सरकार द्वारा राजस्थान ट्रांसजेन्डर कोष का गठन किया गया है जिसका उद्देश्य ट्रांसजेन्डर समुदाय को आत्मनिर्भर करने एवं मुख्यधारा से जोडना है। इसके अन्तर्गत ट्रांसजेन्डर बच्चों को छात्रवृति, स्वरोजगार हेतु ऋण, आईडी कार्ड एवं सम्मेलन हेतु आर्थिक सहयोग का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने ट्रांसजेन्डरों को विशेष योग्यजन के समान पेंशन देने का प्रावधान किया है जिसका लाभ दिलाने के लिए ई-मित्र के माध्यम से ऑनलाइन पहचान पत्र बनाए जा रहे हैं जो कि आवेदन करने के एक माह की अवधि में बन रहे हैं। पहचान पत्र बनने पर सामाजिक सुरक्षा योजना के तहत पेंशन का हक इन्हें दिया गया है। उन्होंने कहा कि अगला अखिल भारतीय ट्रांसजेन्डर सम्मेलन राज्य सरकार की सहयोग राशि से कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि अलवर का यह सौभाग्य है कि पूरे देश के ट्रांसजेन्डर का सम्मेलन यहां आयोजित हो रहा है। ट्रांसजेन्डर द्वारा मंत्री जूली का माला व शॉल ओढाकर सम्मान किया। उन्होंने शालीनता का परिचय देते हुए ट्रांसजेन्डर समुदाय की राखी बाई को पुष्प गुच्छ भेंट कर तथा शॉल पहनाकर सम्मान किया। ट्रांसजेन्डर सम्मेलन के बीच पहुंचे मंत्री जूली ने हाथ जोड़कर ट्रांसजेन्डरों के बीच अभिभावन किया वहीं उन्होंने मंत्री जूली का ताली बजाकर स्वागत किया। उन्होंने उनके साथ सेल्फी खिंचवाकर अपने साधारण व्यक्तित्व का परिचय दिया।



### जमीन पर बैठकर टीकाराम ने की सामाजिक चर्चा

मंत्री टीकाराम ने मंगल परिणय में आयोजित ट्रांसजेन्डर कार्यक्रम में विश्राम कर रही ट्रांसजेन्डर के बीच जाकर जमीन पर बैठकर उनसे सामाजिक चर्चा बातचीत की। पाली से आई आशा कुंवर से प्रभारी मंत्री पाली टीकाराम जूली ने उनकी समस्याओं पर चर्चा की। उन्होंने विश्वास दिलाया कि पूरे प्रदेश के ट्रांसजेन्डरों को विकास की मुख्य धारा से जोडने के लिए उनके अपने विभाग समाज कल्याण के माध्यम से विशेष कार्ययोजना तैयार की जाएगी।

## राजस्थान शिक्षक संघ प्रगतिशील की जिला कार्यकारिणी की बैठक आयोजित

**गुरूज्योति पत्रिका/अलवर।** राजस्थान शिक्षक संघ प्रगतिशील की जिला कार्यकारिणी की बैठक रविवार को कंपनी बाग अलवर मे संरक्षक लक्ष्मण दीक्षित, ताराचंद ब्यास, प्रदेश मुख्य महामंत्री हरिकिशन यादव, जिलाध्यक्ष प्रमोद गुप्ता उपस्थिति में आयोजित की गई। जिला मंत्री अजय विजय ने बताया की बैठक में सितंबर माह में प्रस्तावित जिला स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन के आयोजन, संघ के सदस्यता अभियान तथा शिक्षकों की व्यक्तिगत समस्याओं पर चर्चा की गई। संघ के सदस्यता अभियान तेजी लाने के लिए प्रत्येक ब्लॉक हेतु प्रांतीय, जिला तथा ब्लॉक स्तरीय पदाधिकारियों के नेतृत्व में कमेटी बनाने का निर्णय लिया गया। शिक्षकों की व्यक्तिगत समस्याओं के समाधान हेतु जिला एवं ब्लॉक स्तरीय पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई। जिला स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन के आयोजन हेतु निर्णय आगामी बैठक में लिए जाने पर सहमति व्यक्त की गई। कंपनी बाग में आयोजित इस बैठक में महेश गौड़, सुरेश कुमार, कश्मीर खत्री, योगेश कुमार, रवि सैनी,संजय भाटिया, महेश शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

स्वात्वाधिकारी, मालिक, प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक संतोषचंद्र द्वारा जी.एन.ऑफसेट प्रिंटर्स अंसल प्लाजा के पीछे, स्टेडियम शॉपिंग सेंटर, जोधपुर से मुद्रित एवं विनायक नगर ए, पुराना आर.टी.ओ. ऑफिस, वार्ड नं08 भीनमाल जिला जालौर (राजस्थान) से प्रकाशित। मो.9887894894 TC NO. RAJHIN27936